## भर्ती हेतु सूचना

## परामर्शदाता – सामुदायिक प्रक्रियाएं / व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा

राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने हेतु स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को तकनीकी सहायता एवं क्षमता विकास में सहयोग प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत एक स्वायत्त पंजीकृत सोसायटी के रूप में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) का गठन किया गया है। एनएचएसआरसी को राष्ट्रीय रणनीतिक स्वास्थ्य नियोजन और कार्यक्रम डिजाइन में योगदान करने का भी दायित्व सौंपा गया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), पूर्णतः संविदा आधार पर अपनी सामुदायिक प्रक्रियाओं/व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा प्रभाग के लिए परामर्शदाताओं की भर्ती करने का इच्छुक है।

यदि आप स्वास्थ्य साम्या और उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध हैं, तो यहां आपके लिए एक ऐसी टीम के साथ कार्य करने का एक अनोखा अवसर है, जो भारत में जन स्वास्थ्य परिदृश्य को आकार प्रदान कर रही है। यह पद, अपको राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तरों पर उपलब्ध क्रियान्वयन सहायता के माध्यम से स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ करने, स्वास्थ्य सेवा प्रदायगी में सुधार करने और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सकारात्मक परिणाम लाने की प्रक्रिया में भाग लेने का अवसर प्रदान करता है। एनएचएसआरसी की अलग–अलग क्षेत्र की विविध टीमों के साथ कार्य कर आप सेवा प्रदायगी प्रणाली, सबके लिए प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन, सामुदायिक प्रक्रियाओं, स्वास्थ्य वित्तपोषण, गुणवत्तापूर्ण सेवाएं, जन स्वास्थ्य नियोजन और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने संबंधी विधि चुनौतियों का समाधान खोज सकेंगे, अनुकूलित कर सकेंगे, सह–निर्माण और प्रसार कर सकेंगे।
यह, स्वास्थ्य प्रणाली के व्यापक सुदृढ़ीकरण में सहयोग करने, जिला और उप–जिला कार्यान्वियन से सीख लेने, जानकारी का उपयोग करने, और स्वास्थ्य सेवाओं के सार्वजनीकरण की संकल्पना को साकार करने का एक अवसर है।

**भूमिकाएं और दायित्वः**
सामुदायिक प्रक्रियाओं (सीपी) और व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा (सीपीएचसी) कार्यक्रम के कार्यान्वयन में यथाआबंटित चयनित राज्यों को प्रत्यक्ष सहयोग प्रदान करना। इन प्रमुख कार्यों में शामिल हैं:

- राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर यथावश्यक सामुदायिक प्रक्रियाओं (सीपी) के कार्यान्वयन प्रयासों और व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा (सीपीएचसी) घटकों के कार्यान्वियन में राज्यों को सहयोग प्रदान करना।
- नीतियों के अनुरूप कार्यक्रम बनाने, विविध संदर्भों के अनुकूलन के माध्यम से स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र के सभी घटकों को आरंभ करने में राज्यों को सहयोग प्रदान करना।
- जिला और राज्य स्तर के प्रशिक्षण स्थलों/कार्यक्रम अध्ययन केंद्रों और आशा प्रमाणन प्रक्रिया को सुदृढ़ बनाने हेतु सहयोग प्रदान करना।
- स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्रों (डब्ल्यूएससी) के संचालन और एनसीडी की सर्वव्यापक छंटनी सहित व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं के कार्यान्वयन के लिए राज्यों और जिला सहयोगियों को सक्षम बनाना।
- मध्य स्तर के स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के लिए सेतु पाठ्यक्रम और आशा के प्रमाणन की प्रक्रियाओं के विस्तार के लिए योजना निर्माण में राज्यों की सहायता करना।
- प्रशिक्षण, निष्पादन निगरानी, स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र और आशा, वीएचएसएनसी/एमएएस की टीमों में सुधार करने के लिए सहयोगी ढांचा के सुदृढ़ीकरण हेतु निकट सहयोग, राज्य एवं जिला स्तरों पर फील्ड आधारित सहयोग प्रदान करना।
- विस्तार करने के लिए सीपीएचसी में राज्य और जिला स्तर के नवाचारों का मूल्यांकन करना।
- सार्वजनिक भागीदारी के लिए बनाए गए मंचों –ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समितियों (वीएचएसएनसी), महिला आरोग्य समितियों (एमएएस) और रोगी कल्याण समितियों के अंतर–क्षेत्रीय संमिलन सहित प्रशिक्षण के कार्यान्वयन और पर्यवेक्षण सहयोग करने में राज्यों की सहायता करना।
- राज्यों में कार्यक्रम कार्यान्वयन की समीक्षा के लिए राज्यों के आवधिक फील्ड दौरे करना, कार्यान्वयन की चुनौतियों का पता लगाना और राज्य/जिला स्तर पर सीपी/सीपीएचसी पर तकनीकी सहयोग के लिए उपयुक्त समाधान तैयार करने या उपयुक्त सार्वजनिक स्वास्थ्य/अनुसंधान/शैक्षणिक/तकनीकी/सहयोगी संगठनों से संपर्क साधने में राज्यों को सहयोग करना।
- प्रचालन संबंधी विशिष्ट दिशा–निर्देश; तकनीकी और नीतिगत विवरण, प्रशिक्षण सामग्री, रिपोर्टें, प्रकरण अध्ययन, लिखने, जांच–सूचियों/प्रोटोकॉल की निगरानी में योगदान करना।
- सीपी और सीपीएचसी कार्यक्रमों की डिजाइन में सुधार करने के लिए परिचालन अनुसंधान और प्रभाव मूल्यांकन करने में सहयोग करना।
- सलाहकार, सामुदायिक प्रक्रियाएं द्वारा समय–समय पर सौंपे गए अन्य कार्य करना।

**पद के लिए पात्रता/विनिर्देश :**

*अनिवार्यः*
- जन स्वास्थ्य/महामारी विज्ञान/आईटी/संचार में स्नातकोत्तर उपाधि या डिप्लोमा सहित एमबीबीएस/बीडीएस/आयुष उपाधि धारक।
- सामुदायिक स्वास्थ्य सहित स्वास्थ्य कार्यक्रमों के कार्यान्वियन का योग्यता उपरांत न्यूनतम 3 वर्षों का अनुभव।
- सरकार, गैर–सरकारी संगठनों (एनजीओ) या क्षेत्रीय संसाधन केंद्रों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवा प्रदायगी कार्यक्रमों के प्रत्यक्ष कार्यानवयन का अनुभव।
- दस्तावेजीकरण, डेटा विश्लेषण, और प्रशिक्षण में से किसी एक या सभी का अनुभव।
- उत्कृष्ट संप्रेषण और प्रस्तुति कौशल, विश्लेषणात्क एवं अनतर्वैयक्तिक क्षमता।
- अंग्रेजी भाषा में उत्कृष्ट मौखिक और लिखित संप्रेषण कौशल।

*वांछनीयः*
- हिंदी/अन्य प्रमुख क्षेत्रीय भाषा का कार्यसाधक ज्ञान।
- विविध प्रकार के टीम परिवेश में कार्य करने की प्रदर्शित योग्यता।

- एनजीओ के नेतृत्व वाली प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा/सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता कार्यक्रमों/राज्य स्तर के सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों के साथ कार्य करने का प्रदर्शित अनुभव।

उच्च गुणवत्ता वाले प्रकाशित कार्य अथवा विशिष्ट सुसंगत कार्य अनुभव होने पर औपचारिक शैक्षणिक योग्यता और अनुभव में ढील दी जा सकती है।

**आयु सीमाः** अधिकतम 35 वर्ष (आवेदन करने की अंतिम तिथि को) – महिला अभ्यर्थियों के लिए 5 वर्ष तक छूट प्रदान की जा सकती है।

**कार्य स्थलः** नईदिल्ली, आवश्यकता पड़ने पर यात्रा करने के इच्छुक।

**पारिश्रमिक सीमाः** प्रतिमाह 44,000/– रु. से 1,08,000/– रु. के बीच

नोटः अपने आवेदन पत्र में आयु, उपाधियों को प्राप्त करने का वर्ष, वर्तमान और पूर्व रोजगार की तिथियों का उल्लेख करना अनिवार्य है, इसके बिना आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

**आवेदन करने के लिएः** अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **3-Aug-2018 तक** nhsrc.recruitments@gmail.com पर ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।